# आदेश

भारत मौसम विभाग, देहरादून द्वारा दिनांक 03 अगस्त, 2025 को जारी किये गये मौसम पूर्वानुमान के अनुसार दिनांक 05.08.2025 को जनपद के अनेक स्थानों पर भारी से अत्यन्त भारी वर्षा हेतु "ऑरेंज एलर्ट" की चेतावनी जारी की गयी है जिससे जनपद अन्तर्गत क्षेत्रों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने एवं वर्षा के अति तीव्र दौर होने की संभावना व्यक्त की गई है। वर्तमान समय में जनपद के समस्त (पर्वतीय एवं मैदानी) क्षेत्रों में कहीं–कहीं वर्षा/भारी वर्षा हो रही है। जिसके फलस्वरूप जनपद क्षेत्रान्तर्गत नदियों/नालों/गधेरों में तेज जल प्रवाह आने की संभावना हैं एवं संवेदनशील स्थलों में भू–स्खलन होने की सम्भावना है जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित हो सकती है। तद्क्रम में छात्र–छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत दिनांक 05.08.2025 (मंगलवार) को जनपद के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालयों (कक्षा 01 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं) एवं समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में 01 दिवसीय अवकाश घोषित किये जाने के आदेश पारित किये जाते है।

अतः मौसम विभाग द्वारा जारी एलर्ट को देखते हुए दिनांक 05.08.2025 (मंगलवार) को जनपद नैनीताल क्षेत्रान्तर्गत समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं निजी विद्यालय (कक्षा 01 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं) एवं समस्त आंगनबाड़ी केन्द्र बंद रहेंगे। मुख्य शिक्षाधिकारी, नैनीताल एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, नैनीताल को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त समस्त शैक्षणिक संस्थाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में उक्त आदेश का अनुपालन कराना सुनिश्चित करायेंगे।

**विचलन की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी।**

ह0/
(वन्दना)
जिला मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष,
जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण,
नैनीताल।

**कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष, जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, नैनीताल**

**दूरभाष सं0: 05942–231178/231179/231181 ई–मेल** deocnainital@gmail.com

संख्या 1434/13–सी॰आर॰ए॰(आ॰प्र॰प्राधि॰)/2025 दिनांक 04 अगस्त, 2025

प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव महोदय, आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल।
3. मुख्य विकास अधिकारी, नैनीताल।
4. अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), नैनीताल।
5. नगर मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी।
6. समस्त उप जिलाधिकारी, जनपद–नैनीताल।
7. मुख्य शिक्षाधिकारी, नैनीताल।
8. जिला शिक्षाधिकारी (माध्यमिक/बेसिक), नैनीताल।
9. जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास, नैनीताल।
10. जिला सूचना अधिकारी, नैनीताल को दैनिक समाचार–पत्रों के माध्यम से निःशुल्क प्रसारार्थ प्रेषित।
11. प्रभारी अधिकारी जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र, नैनीताल।

04/8/2025

(शैलेन्द्र सिंह नेगी)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि॰/रा॰)/
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण,
नैनीताल।

Scanned with CamScanner